- हाल ही में दीपिका पादुकोण को **कान फिल्म फेस्टिवल** में ज्यूरी मेंबर के तौर पर भी चुना गया था।
- फुटबॉल वर्ल्ड कप का फाइनल **18 दिसंबर** को कतर के **सैल स्टेडियम** में होगा ।
- इस बार कतर फीफा विश्व कप की मेजबानी कर रहा है।
- यह 2022 में फीफा विश्व कप का **22 वां संस्करण** है।
- यह अरब दुनिया और मुस्लिम दुनिया में होने वाला पहला विश्व कप है।

**Q511- 15-27 फरवरी 2023 तक 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन की मेजबानी कौन करेगा? / Who will host the 12th World Hindi Conference from 15-27 February 2023?**

A) मिस्त्र / Egypt

B) भारत / India

C) फिजी / Fiji

D) फ्रांस / France

- फिजी 15 से 17 फरवरी 2023 तक 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन की मेजबानी करेगा।
- 12 वां विश्व हिंदी सम्मेलन फिजी सरकार के सहयोग से भारत के विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाएगा।
- "हिंदी: फ्रॉम ट्रेडिशनल नॉलेज टू आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस" सम्मेलन का मुख्य विषय है।
- न्यूजीलैंड, फिजी, सिंगापुर, मॉरीशस आदि में हिंदी भाषा बहुत लोकप्रिय है।
- लगभग 615 मिलियन वक्ताओं के साथ हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है।
- प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन 10 से 12 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित किया गया था।
- दुनिया भर में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए हर साल 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है।

**Q512- टाइम पत्रिका के “पर्सन ऑफ द ईयर 2022” का खिताब किसने जीता? / Who won the title of Time magazine's "Person of the Year 2022"?**

A) व्लादिमीर ज़ेलेंस्की / Vladimir Zelensky

B) एलन मस्क / Elon Musk

C) जो बिडेन / Joe Biden

D) कमला हैरिस / Kamala Harris

- टाइम मैगज़ीन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की और "यूक्रेन की आत्मा" को अपना 2022 पर्सन ऑफ द ईयर नामित किया है।

- यह पुरस्कार उस घटना या व्यक्ति को जाता है, जिसका पिछले 12 महीनों में वैश्विक घटनाओं पर सबसे अधिक प्रभाव रहा हो।

**Q513. राज्यसभा के नए सभापति के रूप में किसे नियुक्त किया गया है? / Who has been appointed as the new Chairman of Rajya Sabha?**

A) मल्लिकार्जुन खड्गे / Mallikarjun Kharge

B) जगदीप धनखड़ / Jagdeep Dhankhar

C) OP बिड़ला / OP Birla

D) द्रौपदी मुर्मू / Draupadi Murmu

- ✓ ‘7 दिसंबर 2022′ को संसद के शीतकालीन सत्र में पहली बार उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा के सभापति के तौर अध्यक्षता की।
- ✓ ’11 AUG 2022’ को भारत के 14वें उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति के रूप में जगदीप धनखड़ ने शपथ ली थी।

राज्यसभा (उच्च सदन)

1. राज्यसभा का गठन कब किया गया - 3 अप्रैल 1952
2. उल्लेख - अनुच्छेद - 80
3. राज्यसभा सदस्य बनने के लिए न्यूनतम आयु कितनी होनी चाहिए - 30 वर्ष
4. राज्यसभा का सभापति कौन होता है ? भारत का उपराष्ट्रपति
5. राज्यसभा के पहले सभापति कौन थे ? डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन
6. राज्यसभा सदस्य के रूप में नामित होने वाले प्रथम फिल्म अभिनेत्री कौन थी? - नरगिस दत्त

**Q514 - किस शहर में भारत का पहला गोल्ड ATM स्थापित किया गया? / In which city India's first gold ATM was established?**

A) नई दिल्ली / New Delhi

B) नोएडा / Noida

C) हैदराबाद / Hyderabad

D) बेंगलुरु / Bangalore

- ✓ यह दुनिया का पहला रियल-टाइम गोल्ड एटीएम भी है।
- ✓ गोल्ड्सका एटीएम का इस्तेमाल सामान्य एटीएम के विपरीत सोने के सिक्कों को निकालने के लिए किया जा सकता है जहां कोई पैसा निकाल सकता है।
- ✓ गोल्ड एटीएम के जरिए लोग अपना डेबिट या क्रेडिट कार्ड डालकर सोने के सिक्के खरीद सकते हैं।
- ✓ इस एटीएम की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि सोने की कीमतों को लाइव अपडेट किया जाता है।
- ✓ एटीएम की क्षमता 5 किलो सोना रखने की है
- ✓ लोग 0.5 ग्राम से लेकर 100 ग्राम तक सोना खरीद सकते हैं।

**Q515. हाल ही में आर. वेंकटरमन की 109वीं जयंती 04 दिसंबर को मनाई गई। उन्होंने भारत के कौनसे राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया? / Recently R. Venkataraman's 109th birth anniversary was celebrated on 04 December. He served as which President of India?**

A) पहले
B) तीसरे
C) पांचवे
D) आठवें



## Important Point

- ✓ आर. वेंकटरमन की 109वीं जयंती 04 दिसंबर को मनाई मनाई गई।
- ✓ आर. वेंकटरमन का जन्म 04 दिसम्बर 1910 को तमिलनाडु में तंजौर जिले के पास राजामदम गांव में हुआ था।
- ✓ आर. वेंकटरमन ने भारत के आठवें राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया।
- ✓ उन्होंने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया और संविधान सभा के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया था।

**Q516. हाल ही में जारी फोर्ब्स की विश्व की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओ की सूचि में कितनी भारतीय महिओं को शामिल किया गया ? / How many Indian women were included in the recently released Forbes list of 100 most powerful women in the world?**

A) 6

B) 5

C) 4

D) 3

- विश्व की सबसे शक्तिशाली महिला “उर्सुला वॉन  डेर” है, जोकि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष है
- भारत की 6 महिलाएं इसमें शामिल की गयी. जिसमे निर्मला सीतारमण भारत की तरफ से सबसे आगे 36 वें स्थान पर है
- 2021 में 37वें, 2020 में 41वें और 2019 में 34वें स्थान पर थी ।

**अन्य 5 भारतीयों के नाम**

- HCL टेक की चेयरपर्सन रोशनी नादर मल्होत्रा - 53वें स्थान पर रहीं।
- माधवी पुरी बुच, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) की अध्यक्ष -54वें स्थान पर रहीं।
- स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया की चेयरपर्सन सोमा मंडल - 67वें स्थान पर हैं।
- मजूमदार-शॉ, कार्यकारी अध्यक्ष और बायोकॉन लिमिटेड और बायोकॉन बायोलॉजिक्स लिमिटेड के संस्थापक - 72 वें स्थान पर हैं।
- ब्यूटी और लाइफस्टाइल रिटेल कंपनी नायका के संस्थापक और CEO फाल्गुनी संजय नायर 89वें स्थान पर हैं

**Q517- देश का दूसरा पनडुब्बी संग्रहालय किस राज्य में बनेगा? / In which state will the country's second submarine museum be built?**

A) राजस्थान / Rajasthan

B) छत्तीसगढ़ / Chhattisgarh

C) मध्यप्रदेश / Madhya Pradesh

D) पश्चिम बंगाल / West Bengal

- पश्चिम बंगाल में भारतीय नौसेना एक पनडुब्बी संग्रहालय बनाने जा रही है। इसकी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

- यह विशाखापट्टनम के बाद देश का दूसरा नौसेना का पनडुब्बी संग्रहालय होगा।

- इससे पश्चिम बंगाल को पर्यटन का बढ़ावा मिलेगा तथा साथ ही युवाओं को नौसेना में शामिल होने की प्रेरणा मिलेगी।

**Q518- किस राज्य में भारत के सबसे लंबे 6 लेन फ्लाईओवर का निर्माण होगा? / In which state India's longest 6 lane flyover will be constructed?**

A) केरल / Kerala

B) कर्नाटक / Karnataka

C) गुजरात / Gujarat

D) तमिलनाडु / Tamil Nadu

- भारत के राज्य केरला में 6 लेन लंबे फ्लाईओवर का निर्माण जल्द ही शुरू किया जाएगा।

- ये फ्लाईओवर भारत का सबसे लंबा फ्लाईओवर होगा जिसकी लागत कुल 1,668.5 करोड़ की बताई जा रही है।

- इस 6 लेन वाले इस फ्लाईओवर का निर्माण नासिक स्थित अशोका बिल्डकॉन लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। ये फ्लाईओवर 12.752 किमी लंबा होगा।



**Q519. हाल ही में भारत के 77 वें ग्रैंड मास्टर कौन बने है? / Recently who has become the 77th Grand Master of India?**

A) आदित्य मित्तल / Aditya Mittal

B) राहुल श्रीवास्तव / Rahul Srivastava

C) विश्वनाथन आनंद / Viswanathan Anand

D) प्रणव आनंद / Pranav Anand

- ✓ आदित्य मित्तल भारत के 77वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बन गए हैं।
- ✓ वह 16 साल का मुंबई का खिलाड़ी है।
- ✓ उन्होंने तीन जीएम मानदंड हासिल किए थे।
- ✓ उन्होंने यह उपलब्धि हासिल करने के लिए स्पेन के नंबर 1 फ्रांसिस्को वैलेजो पोंस के खिलाफ मैच जीता।
- ✓ वह भरत सुब्रमण्यम, राहुल श्रीवास्तव, वी प्रणव वी और प्रणव आनंद के बाद 2022 में जीएम खिताब हासिल करने वाले पांचवें भारतीय बन गए हैं।

**Q520. हाल ही में किस संगठन ने 8 दिसंबर को अपना स्थापना दिवस मनाया है? /**

**Recently which organization has celebrated its foundation day on 8th December?**

**A) SAARC**

**B) ASEAN**

**C) SCO**

**D) G-20**

## Important Point

- ✓ सार्क चार्टर को अपनाने के उपलक्ष्य में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (SAARC) चार्टर दिवस प्रतिवर्ष 8 दिसंबर को मनाया जाता है।
- ✓ इस वर्ष क्षेत्रीय समूह की 38वीं वर्षगांठ है
- ✓ 8 दिसंबर 1985 को, समूह के पहले शिखर सम्मेलन के दौरान, ढाका में सार्क चार्टर को अपनाया गया था।
- ✓ चार्टर पर आठ दक्षिण एशियाई देशों- बांग्लादेश, भूटान, अफगानिस्तान, मालदीव, नेपाल, भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका के नेताओं द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे।



**Q521 - 11 दिसम्बर को कौन सा महत्तवपूर्ण दिवस मनाया गया? / Which important day was celebrated on 11th December?**

A) अंतराष्ट्रीय पर्वत दिवस / International Mountain Day

B) UNICEF दिवस / UNICEF Day

C) मानवाधिकार दिवस / Human Rights Day

D) Both A&B



- हर साल 11 दिसंबर को पहाड़ों के महत्व के विषय में जागरूकता बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस मनाया जाता है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने साल 2003 में 11 दिसंबर को राष्ट्रीय पर्वत दिवस मनाने की घोषणा की थी।
- विश्व पर्वत दिवस 2022 की थीम -'वुमन मूव माउंटेन' है।




## यूनिसेफ दिवस

- 1946 में 11 दिसंबर को हि यूनिसेफ की इस स्थापना की गई थी।
- इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों (जिन्हें आने वाले भविष्य के रूप में देखा जाता है) के अधिकारों, उनके कल्याण और उनके विकास के लिए लोगों को जागरूत बनाना है।
- ये बच्चों के सतत विकास के लिए कार्य करता है।

**Q522- हाल ही में हिमाचल प्रदेश के नए मुख्यमंत्री कौन बने है? / Recently who has become the new Chief Minister of Himachal Pradesh?**

A) जयराम ठाकुर / Jairam Thakur

B) सुखविंदर सुक्खू / Sukhwinder Sukhu

C) भववंत सिंह मान / Bhavwant Singh Mann

D) MK स्टालिन / MK Stalin



❖ हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री पद पर सुखविंदर सुक्खू के नाम पर मुहर लगा दी है।

❖ वहीं विधायक दल की बैठक के बाद डिप्टी सीएम के तौर पर मुकेश अग्निहोत्री के नाम का ऐलान किया गया है




✍️**हिमाचल प्रदेश से संबंधित मुख्य तथ्य**

- राजधानी — शिमला ( और धर्मशाला )
- स्थापना — 25 जनवरी 1971
- लोक सभा — 4,
- राज्य सभा — 3,
- विधान सभा — 68
- उच्च न्यायालय — हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय

👉राष्ट्रीय उद्यान / वन्य जीव अभ्यारण्य ( हिमाचल प्रदेश )

- रोहिला राष्ट्रीय उद्यान,
- ग्रेट हिमालयन राष्ट्रीय उद्यान,
- पिन वैली राष्ट्रीय उद्यान,
- खीर गंगा राष्ट्रीय उद्यान,

👉 प्रमुख लोक नृत्य ( हिमाचल प्रदेश )

- डांगी,
- थाली,
- छपेली
- डंडा नाच

👉GI Tags ( हिमाचल प्रदेश )

- हिमाचली काला जीरा,
- चुली का तेल।

✍️"हींग" की खेती भारत में पहली बार शुरू हुई।
✍️पहला जैव विविधता पार्क हिमाचल प्रदेश के मंडी में बनाया गया।

**Q523. हाल ही में किसने दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया का प्रतिष्ठित डॉन अवार्ड जीता है? / Who has recently won Australia's prestigious Dawn Award for the second time?**

A) किरण मजुमदार / Kiran Mazumdar

B) एश्ले बार्टी / Ashley Barty

C) सिमोन बाइल्स / Simone Biles

D) नाओमी ओसाका / Naomi Osaka

## Important Point

- ✓ टेनिस स्टार एश्ले बार्टी को उनके करियर में दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े खेल सम्मान 'द डॉन' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया.
- ✓ वर्ष 2022 में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी के रूप में प्रवेश करने वाली बार्टी 1978 के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन एकल खिताब जीतने वाली पहली घरेलू खिलाड़ी बनी थीं
- ✓ इसके बाद ही तीन बार की ग्रैंड स्लेम चैंपियन ने मात्र 25 साल की आयु में टेनिस से संन्यास लेने की आश्चर्यजनक घोषणा कर दी

**Q524. भारत को दुनिया के सबसे पावरफुल पासपोर्ट 2022 की सूची में कौन सा स्थान प्राप्त किया है? / What is the rank of India in the list of world's most powerful passport 2022?**

A) 08वें
B) 48वें
C) 66वें
D) 87वें

## Important Point

- ✓ आर्टन कैपिटल ने विश्व के सबसे मजबूत पासपोर्ट और सबसे कमजोर पासपोर्ट वाले देशों की एक सूची पर रिपोर्ट छापी है।

- ✓ दुनिया की सबसे मजबूत पासपोर्ट सूची में भारत 87वें स्थान पर है, जबकि 2022 के लिए पासपोर्ट की रेटिंग में यूएई पहले स्थान पर है।

- ✓ यूएई के बाद जर्मनी, स्वीडन, फिनलैंड, लक्समबर्ग, स्पेन फ्रांस का स्थान रहा।

- ✓ अफगानिस्तान अंतिम स्थान पर रहा वहीं पाकिस्तान 94वें स्थान पर रहा।

**Q525. हाल ही में नाबार्ड के नए अध्यक्ष कौन बने है? / Who has become the new chairman of NABARD recently?**

A) शाजी केवी / Shaji KV

B) अतुल कुमार गोयल / Atul Kumar Goyal

C) अरुण कुमार सिंह / Arun Kumar Singh

D) सुंदररमण राममूर्ति / Sundararaman Ramamurthy

## Important Point

### नाबार्ड के बारे में

- ✓ यह मुख्य रूप से देश के ग्रामीण क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने वाला एक विकास बैंक है।
- ✓ यह 1982 में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक अधिनियम, 1981 के तहत स्थापित एक सांविधिक निकाय है।
- ✓ शिवरामन समिति की सिफारिशों पर स्थापित।

✍️**NABARD – National Bank For Agriculture And Rural Development** (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक)

- मुख्यालय – मुम्बई, महाराष्ट्र
- स्थापना – 12 जुलाई 1982

### मुख्यालय - मुंबई


- ✓ नाबार्ड के बारे में
- ✓ यह मुख्य रूप से देश के ग्रामीण क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने वाला एक विकास बैंक है।
- ✓ यह 1982 में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक अधिनियम, 1981 के तहत स्थापित एक सांविधिक निकाय है।
- ✓ मुख्यालय - मुंबई

**Q526. गुजरात के 18वें मुख्यमंत्री के रूप में किसे चुना गया है? / Who has been elected as the 18th Chief Minister of Gujarat?**

A) सुखविंदर सुक्खू / Sukhwinder Sukhu
B) भूपेन्द्र पटेल / Bhupendra Patel
C) एकनाथ शिंदे / Eknath Shinde
D) नवीन पटनायक / Naveen Patnaik

- 12 दिसंबर, 2022 को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर में लगातार दूसरी बार गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने उन्हें गुजरात के 18वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई।
- गुजरात विधानसभा चुनाव 2022 में बीजेपी ने लगातार 7वीं जीत के साथ इतिहास रच दिया.
- बीजेपी का वोटिंग शेयर 52.5% था। इसने 182 सदस्यीय विधानसभा में 156 सीटें जीतीं।
- पटेल ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा और 2022 के चुनाव में एक बार फिर घाटलोडिया निर्वाचन क्षेत्र से 1,91,000 मतों के अंतर से जीत हासिल की।



Q527 - किस राज्य मे स्थित शिशुपाल पहाड़ी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा? / In which state the Shishupal hill will be developed as a tourist destination?

A) राजस्थान / Rajasthan

B) छत्तीसगढ़ / Chhattisgarh

C) दिल्ली / Delhi

D) मध्यप्रदेश / Madhya Pradesh



- ✓ मुख्यमंत्री की घोषणा से अब इस पहाड़ पर ट्रैकिंग, पर्यटकों के लिये कई मूलभूत सुविधाओं को स्थापित करने का रास्ता खुल गया है।
- ✓ अंग्रेजों के जमाने से इलाके की पहचान रहे इस पहाड़ को पर्यटन के लिये विकसित करने से सरायपाली को नई पहचान मिलेगी।
- ✓ ऐसी मान्यता है कि शिशुपाल पहाड़ के ऊपर किसी समय राजा शिशुपाल का महल हुआ करता था।
- ✓ जब राजा को अंग्रेजों ने घेर लिया तब राजा ने अपने घोड़े की आँख पर पट्टी बांधकर पहाड़ से छलांग लगा दी थी।
- ✓ इसी कारण इस पहाड़ को शिशुपाल पर्वत और यहाँ के झरने को घोड़ाधार जलप्रपात कहा जाता है।

**Q528- जलवायु परिवर्तन मिशन शुरू करने वाला पहला राज्य बनने जा रहा है? Which state is going to be the first to launch a climate change mission?**

A) कर्नाटक / Karnataka

B) केरल / Kerala

C) तमिलनाडु / Tamil Nadu

D) आंध्र प्रदेश / Andhra Pradesh

## Explanation

- तमिलनाडु ,भारत में अपना जलवायु परिवर्तन मिशन शुरू करने वाला पहला राज्य बन गया है।

- 9 दिसंबर 2022 को तमिलनाडु जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन में राज्य जलवायु परिवर्तन मिशन का शुभारंभ करते हुए, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि राज्य 2070 के राष्ट्रीय लक्ष्य से बहुत पहले कार्बन तटस्थता प्राप्त कर लेगा।
- कार्बन न्यूट्रल का तात्पर्य वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड की उतनी मात्रा को विभिन्न तरीकों से हटाने से है, जितनी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन हों रहा है ताकि उत्पादन और हटाई गयी मात्रा कुल मिला कर शून्य हो।



**Q529. हाल ही में सार्क करेंसी स्वैप फ्रेमवर्क के तहत, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने किस देश के मौद्रिक प्राधिकरण के साथ मुद्रा अदला-बदली के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं? / Recently, under the SAARC Currency Swap Framework, the Reserve Bank of India (RBI) has signed a currency swap agreement with the monetary authority of which country?**

A) श्रीलंका / Sri Lanka

B) मालदीव / Maldives

C) मॉरीशस / Mauritius

D) थाईलैंड / Thailand

❖ **Explanation**

❖ सार्क करेंसी स्वैप फ्रेमवर्क के तहत, भारतीय रिजर्व बैंक ने मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण के साथ मुद्रा अदला-बदली के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

❖ इस समझौते से मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण, आरबीआई से अधिकतम 200 मिलियन डॉलर तक की राशि किस्तों में निकाल सकता है।

❖ यह समझौता अल्पकालिक विदेशी मुद्रा लिक्विडिटी आवश्यकताओं के लिए वित्त पोषण की बैकस्टॉप लाइन के रूप में स्वैप समर्थन प्रदान करेगा।

❖ RBI ने 2020 में श्रीलंका को 400 मिलियन डॉलर की मुद्रा अदला-बदली सुविधा प्रदान करने के लिए इसी तरह के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

❖ 15 नवंबर 2012 को सार्क करेंसी स्वैप फ्रेमवर्क लागू हुआ था।

**Q530- हाल ही में सिगरेट खरीदने पर प्रतिबन्ध किस देश द्वारा लगाया गया? / Which country banned the purchase of cigarettes recently?**

A) ऑस्ट्रेलिया / Australia

B) कनाडा / Canada

C) न्यूजीलैंड / New Zealand

D) अमेरिका / America

- न्यूजीलैंड ने अगली पीढ़ी के लिए धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाने के लिए तंबाकू कानून पारित किया

- एक उल्लेखनीय कदम में, न्यूजीलैंड ने एक उपाय अपनाया है जो 1 जनवरी, 2009 को या उसके बाद पैदा हुए किसी भी व्यक्ति को सिगरेट की बिक्री पर रोक लगाएगा।

- प्रतिबंध 2023 में प्रभावी होंगे, न्यूजीलैंड का लक्ष्य 2025 तक "धूम्रपान-मुक्त" होना है।

**Q531. हाल ही में वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक किसने बनाया है? / Who has scored the fastest double century in the history of ODI cricket recently?**

A) ऋतुराज गायकवाड / Rituraj Gaikwad

B) सूर्य कुमार यादव / Surya Kumar Yadav

C) इशान किशन / Ishan Kishan

D) शुभमन गिल / Shubhman Gill

उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग रोहित शर्मा और इशान किशन ने दोहरा शतक लगाया था।

**Q532. हाल ही में भारत और चीन के सैनिक के मध्य कहाँ झड़प हुई है? / Where has there been a clash between the soldiers of India and China recently?**

A) डोकलाम / Doklam

B) तवांग / Tawang

C) लद्दाख / Ladakh

D) गलवान / Galvan

- अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारतीय और चीनी सैनिकों बीच झड़प हो गई. इस झड़प में दोनों देशों के कई सैनिक घायल हुए हैं
- घायल भारतीय सैनिकों को गुवाहाटी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है. चीन की मीडिया इस मामले पर पूरी तरह चुप्पी साधे हुए है
- हालांकि, भारतीय सेना के साथ विवाद के बाद ऐसा पहली बार नहीं है कि जब चीनी मीडिया चुप्पी साधे हुए है
- गलवान समेत सीमा विवाद से जुड़ी कई ऐसी घटनाएं हुईं जिनमें चीन या तो शांत रहा या बहुत सधा हुआ और संक्षिप्त बयान दिया.

**Q533 - जनवरी 2023 में भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किस शहर में किया जाएगा? / In which city India International Science Festival will be organized in January 2023?**

A) गोवा / Goa
B) उदयपुर / Udaipur
C) बंगलौर / Bangalore
D) भोपाल / Bhopal

- भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव IISF-2022 जनवरी 2023 में भोपाल में आयोजित किया जाएगा।
- IISF विज्ञान भारती के सहयोग से विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की पहल है।
- 2015 में अपनी स्थापना के बाद से IISF 2022 आठवां संस्करण है।
- यह भारत और विदेशों के छात्रों, नवप्रवर्तकों, शिल्पकारों, किसानों, वैज्ञानिकों के साथ भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति की उपलब्धियों का जश्न मनाने का महोत्सव है।



**Q534. हाल ही में किस योजना को दुनिया की टॉप 10 बहाली फ्लैगशिप में से एक के रूप में मान्यता दी है? / Which scheme has been recently recognized as one of the top 10 restoration flagships of the world?**




A) नमामि गंगे / Namami Gange

B) मो बस सेवा / Mo Bus Service

C) स्वच्छ भारत मिशन / Swachh Bharat Mission

D) आयुष्मान भारत योजना / Ayushman Bharat Scheme

- ✓ संयुक्त राष्ट्र ने भारत की पवित्र नदी गंगा को फिर से जीवंत करने के लिए नमामि गंगे पहल को प्राकृतिक दुनिया को पुनर्जीवित करने के लिए शीर्ष 10 विश्व बहाली फ्लैगशिप में से एक के रूप में मान्यता दी है।
- ✓ नमामि गंगे को दुनिया भर के 70 देशों से ऐसी 150 से अधिक पहलों में से चुना गया था।

**नमामि गंगे:**

- ✓ गंगा को स्वच्छ और अविरल बनाने के लिए जून 2014 में परियोजना शुरू की गई थी।
- ✓ इसका मुख्य उद्देश्य प्रदूषण का प्रभावी उन्मूलन और गंगा का कायाकल्प है।
- ✓ इसे राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और इसके राज्य- समकक्ष संगठनों द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।
- ✓ इस कार्यक्रम के तहत 2022 तक गंगा तट की 1,632 ग्राम पंचायतों को खुले में शौच से मुक्त किया जाएगा।

**Q535- मेटे फ्रेडरिकसन को दिसंबर 2022 में किस देश के प्रधान मंत्री के रूप में फिर से चुना गया है? / Mette Frederiksen has been re-elected as the Prime Minister of which country in December 2022?**

A) डेनमार्क / Denmark
B) फिनलैंड / Finland
C) स्वीडन / Sweden
D) नॉर्वे / Norway

- मेटे फ्रेडरिकसेन को डेनमार्क के प्रधान मंत्री के रूप में फिर से चुना गया है।
- वह एक डेनिश राजनीतिज्ञ हैं जो जून 2019 से डेनमार्क की प्रधान मंत्री हैं।
- वह डेनिश इतिहास में सबसे कम उम्र की प्रधान मंत्री भी हैं।
- डेनमार्क एक स्कैंडिनेवियाई देश है जिसमें जटलैंड प्रायद्वीप और कई द्वीप शामिल हैं।

**Q536. किस देश ने ऐतिहासिक परमाणु संलयन पर नया परीक्षण किया है? / Which country has conducted a new test on historic nuclear fusion?**

A) चीन / China

B) USA

C) जापान / Japan

D) UAE

## परमाणु संलयन क्या है?

- परमाणु संलयन वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा भारी मात्रा में ऊर्जा जारी करते हुए दो हल्के परमाणु नाभिक मिलकर एक भारी परमाणु बनाते हैं।
- यह वह प्रक्रिया है जो सूर्य और अन्य तारों को शक्ति प्रदान करती है। यह प्रकाश परमाणुओं के जोड़े लेकर और उन्हें एक साथ मजबूर करके काम करता है और भारी मात्रा में ऊर्जा उत्पन्न करता है।

- परमाणु संलयन में यह सफलता असीमित स्वच्छ ऊर्जा ला सकती है और इससे जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में मदद मिल सकती है.
- इतिहास में पहली बार अमेरिका के कैलिफोर्निया मे वैज्ञानिकों ने परमाणु संलयन अभिक्रिया को अंजाम दिया है, जिसके चलते सूर्य की तरह ही बिल्कुल शुद्ध ऊर्जा (कॉर्बन फ्री एनर्जी) का उत्पादन किया गया.
- वैज्ञानिकों के अनुसार अगर सबकुछ सही रहता है तो जीवाश्म ऊर्जा जैसे गैस, पेट्रोल और डीजल से अमेरिका की निर्भरता कम हो सकती है.

**Q537- उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना पर बनाई गई भारत की सबसे लम्बी एस्केप टनल की लम्बाई कितनी है? / What is the length of India's longest escape tunnel built on the Udhampur-Srinagar-Baramulla rail link project?**

A) 9.28 km

B) 9.02 km

C) 4.25 km

D) 12.895 km

- USBRL(उधमपुर श्रीनगर बारामूला रेल लिंक) हिमालय के माध्यम से ब्रॉड-गेज रेलवे लाइन के निर्माण के लिए भारतीय रेलवे द्वारा शुरू की गई एक राष्ट्रीय परियोजना है, जिसका उद्देश्य कश्मीर क्षेत्र को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ना है।

- 15 दिसंबर, 2022 को USBRL परियोजना के कटरा-बनिहाल खंड पर सुंबर और खारी स्टेशनों के बीच एस्केप टनल टी-49 को जोड़कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है।

- एस्केप टनल की लंबाई 12.895 किमी है। यह भारत की सबसे लंबी एस्केप टनल है और एस्केप टनल को जोड़ने के दौरान टनल की लाइन और लेवल को सटीक रूप से हासिल किया जाता है।

**Q538. भारत को फ्रांस से कुल कितने राफेल विमान प्राप्त हुए?/ How many Rafale aircraft did India get from France?**

A) 24

B) 28

C) 30

D) 36

- ✓ फ्रांस ने सभी लड़ाकू विमान राफेल की डिलीवरी पूरी कर दी है
- ✓ भारत में आखिरी राफेल विमान की लैंडिंग के साथ ही देश को 36 राफेल लड़ाकू विमानों की डिलीवरी पूरी हो गई
- ✓ चार साल पहले भारत सरकार ने फ्रांस से 59,000 करोड़ रुपए में 36 राफेल का सौदा किया था.

## क्या हैं राफेल विमान की खासियतें?

- ✓ राफेल विमान एक मिनट में 60 हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है. इसकी ईंधन क्षमता करीब 17 हजार किलोग्राम है. राफेल की मारक क्षमता 3700 किलोमीटर तक है. स्काल्प की रेंज 300 किलोमीटर है. राफेल विमान एक बार में 24,500 किलो तक का वजन ले जा सकता है.यह विमान 60 घंटे की अतिरिक्त उड़ान भी भर सकता है. राफेल लड़ाकू विमानों की गति 2,223 किलोमीटर प्रति घंटा है.

**Q539 - हाल ही में किस राज्य के गमोचा को GI टैग मिला है? / Which state's Gamocha got GI tag recently?**

A) असम / Assam

B) बिहार / Bihar

C) मध्यप्रदेश / Madhya Pradesh

D) जम्मू कश्मीर / Jammu and Kashmir



## असमिया गमोचा के बारे में

- ✓ 'गमोचा' का शाब्दिक अर्थ है तौलिया और आमतौर पर असमिया घरों में दिन-प्रतिदिन के आधार पर इसका उपयोग किया जाता है।
- ✓ यह एक हाथ से बुना हुआ आयताकार सूती कपड़ा है जिसमें लाल बॉर्डर और विभिन्न डिज़ाइन होते हैं, जो पारंपरिक रूप से बड़ों और मेहमानों को असमिया लोगों द्वारा सम्मान के निशान के रूप में प्रस्तुत किए जाते हैं।
- ✓ यह राज्य में सभी सामाजिक-धार्मिक समारोहों का एक अभिन्न अंग है और इसे असमिया पहचान और गौरव का एक रूप माना जाता है ।
- ✓ विशिष्ट उद्देश्यों के लिए, यह पारंपरिक असमिया 'पैट' रेशम जैसी महंगी सामग्री और विभिन्न रंगों में भी बनाया जाता है।
- ✓ ' बिहू ' उत्सव के दौरान आदान-प्रदान के लिए बने ' गमोचा ' को ' बिहुवन' के नाम से जाना जाता है।

**Q540- भारतीय मूल के नेता लियो वराडकर को किस देश का प्रधानमंत्री चुना गया है? / Indian-origin leader Leo Varadkar has been elected as the Prime Minister of which country?**

A) UK

B) USA

C) सूरीनाम / Suriname

D) आयरलैंड / Ireland

- लियो वराडकर आयरलैंड के नए प्रधान मंत्री हैं।

- वह भारतीय मूल के हैं। वह आयरलैंड के प्रधान मंत्री के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए लौटे हैं।

- प्रधान मंत्री के रूप में वराडकर का पहला कार्यकाल 2017 से 2020 तक था।

- उन्होंने आयरलैंड के राष्ट्रपति माइकल डी हिगिंस से कार्यालय की मुहर प्राप्त की।

## आयरलैंड:

- यह उत्तर-पश्चिमी यूरोप का एक देश है। इसकी राजधानी डबलिन है। यह एकात्मक, संसदीय गणतंत्र है।
- इसकी संसद या विधायिका को ओरीचटस के नाम से जाना जाता है। इसका निचला सदन डेल इरेनन है और ऊपरी सदन सीनाद ईरेनन है।
- सरकार का प्रमुख ताओसीच (प्रधान मंत्री) होता है, जिसे डेल द्वारा चुना जाता है और राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है।

**Q541. हर साल गोवा मुक्ति दिवस कब मनाया जाता है? / When is Goa Liberation Day celebrated every year?**

A) 16 दिसम्बर / 16 December

B) 19 दिसम्बर / 19 December

C) 14 दिसम्बर / 14 December

D) 11 दिसम्बर / 11 December



# गोवा मुक्ति दिवस 2022: 19 दिसंबर

- हर साल 19 दिसंबर को गोवा मुक्ति दिवस मनाया जाता है।
- 1961 में पुर्तगालियों को हराकर राज्य को आजाद कराने के लिए सशस्त्र बलों द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन विजय' की सफलता को चिह्नित करने के लिए यह दिन मनाया जाता है।
- गोवा 1510 से पुर्तगाली उपनिवेशों का हिस्सा था।
- गोवा को पुर्तगाली शासन से मुक्त कराने के लिए भारतीय सेना ने 18 दिसंबर 1961 को 'ऑपरेशन विजय' शुरू किया था।
- 36 घंटे के ऑपरेशन के बाद, भारतीय सैनिकों ने 19 दिसंबर को गोवा क्षेत्र को पुनः प्राप्त किया।
- पुर्तगाली गवर्नर, मैनुअल एंटोनियो वासालो ई सिल्वा ने आत्मसमर्पण के प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर किए, जिससे गोवा में पुर्तगाली शासन समाप्त हो गया।
- गोवा को 30 मई 1987 को 25वें राज्य का दर्जा दिया गया था।

**Q542 - किस देश ने नेत्रहीनो के लिए T-20 विश्व कप जीता है? / Which country has won the T-20 World Cup for the Blind?**

A) भारत / India

B) श्रीलंका / Sri Lanka

C) इंग्लैंड / England

D) ऑस्ट्रेलिया / Australia

- भारत ने नेत्रहीनों के लिए टी20 विश्व कप जीता।

- भारत ने बैंगलोर में नेत्रहीनों के लिए टी20 विश्व कप 2022 के फाइनल में बांग्लादेश को 120 रनों से हरा दिया।
- कप्तान अजय कुमार रेड्डी और सुनील रमेश ने फाइनल मैच के दौरान शतक लगाए।
- भारत प्रतियोगिता के तीसरे संस्करण की मेजबानी कर रहा था और ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, नेपाल, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका ने इसमें भाग लिया था।
- भारत ने इससे पहले 2012 और 2017 में खिताब जीता था। यह (2022) भारत की लगातार तीसरी खिताबी जीत थी।

**Q543- किस टीम ने फीफा विश्व कप 2022 जीता? / Which team won the FIFA World Cup 2022?**

A) पुर्तगाल / Portugal

B) कतर / Qatar

C) फ्रांस / France

D) अर्जेंटीना / Argentina

- अर्जेंटीना ने रोमांचक मुकाबले में गत चैंपियन फ्रांस को 4-2 से हराकर कतर में फीफा फुटबॉल विश्व कप 2022 जीता।
- यह जीत अर्जेंटीना की तीसरी विश्व कप जीत थी और 1986 के बाद पहली थी।
- मेसी ने फीफा विश्व कप 2022 में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का गोल्डन बॉल पुरस्कार जीता।
- अर्जेंटीना के एमिलियानो मार्टिनेज ने सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर होने के लिए गोल्डन ग्लव जीता।
- शीर्ष गोल स्कोरर होने के लिए एम्बाप्पे को गोल्डन बूट मिला। वे तकनीकी रूप से फ्रांस के पहले गोल्डन बूट विजेता बने।
- एम्बाप्पे ज्योफ हर्स्ट के बाद विश्व कप फाइनल में हैट्रिक बनाने वाले दूसरे व्यक्ति बने

**Q544- हाल ही में पेटा इंडिया के द्वारा पर्सन ऑफ द ईयर 2022 का खिताब किसे मिला? /**

**Recently who got the title of Person of the Year 2022 by PETA India?**

A) सोनाक्षी सिन्हा / Sonakshi Sinha

B) आलिया भट्ट / Alia Bhatt

C) विराट कोहली / Virat Kohli

D) जॉन अब्राहम / John Abraham

- सोनाक्षी सिन्हा को पेटा इंडिया 2022 पर्सन ऑफ द ईयर' का खिताब मिला।
- पेटा (जानवरों के नैतिक उपचार के लिए लोग) भारत एक अंतरराष्ट्रीय पशु अधिकार गैर-लाभकारी समूह है।
- पेटा इंडिया के लिए चमड़े के खिलाफ अपने अभियान के लिए उन्हें खिताब मिला।
- सोनाक्षी के इस एक्शन से फैशन के लिए मारे गए कई जानवरों की जान बचाने में मदद मिली. वह कुत्ते और बिल्ली के अधिकारों की प्रबल हिमायती हैं।
- हर साल चमड़े के सामान के लिए 1.4 अरब से अधिक गाय, भेड़, बकरी, कुत्ते, बिल्ली और अन्य जानवरों को मार दिया जाता है।
- पिछले साल आलिया भट्ट को पेटा इंडिया का 'पर्सन ऑफ द ईयर' का खिताब मिला था।
- पेटा इंडिया की स्थापना 2000 में हुई थी।

**Q545- फीफा विश्व कप 2022 में गोल्डन बॉल अवार्ड से किसे सम्मानित किया गया है?/ Who has been honored with the Golden Ball Award in the FIFA World Cup 2022?**

A) लियोनेल मेसी / Lionel Messi
B) किलियन एम्बाप्पे / Kilian Mbappe
C) एमिलियानो मार्टिनेज / Emiliano Martinez
D) करीम बेंजेमा / Karim Benzema

**Explanation:**

- लियोनेल मेसी को फीफा विश्व कप 2022 में गोल्डन बॉल अवार्ड से सम्मानित किया गया है।
- 2022 विश्व कप अर्जेंटीना का तीसरा वर्ल्ड कप टाइटल है, इससे पहले 1986 में अर्जेंटीना चैंपियन बनी थी।

❖ फीफा विश्व कप 2022 की मेजबानी क़तर ने किया था

❖ गोल्डन बॉल अवॉर्ड - लियोनेल मेसी

❖ गोल्डन बूट अवॉर्ड - किलियन एम्बाप्पे

❖ गोल्डन ग्लव - एमिलियानो मार्टिनेज

✓ FIFA - Federation International The Football Association

✓ स्थापना - 1904

✓ मुख्यालय - ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड

✓ अध्यक्ष - गियानी इनफैनिटो

**Q546 - हाल ही में किस राज्य ने ओरुनोदोई 2.0 योजना शुरू की है? / Which state has recently launched the Orunodoi 2.0 scheme?**

A) उत्तरप्रदेश / Uttar Pradesh

B) मध्यप्रदेश / Madhya Pradesh

C) असम / Assam

D) हरियाणा / Haryana

- असम सरकार ने दिसंबर 2022 को एक विशेष योजना, ओरुनोदोई 2.0 शुरू की।
- यह योजना गरीबी को समाप्त करने और राज्य के भीतर आर्थिक रूप से वंचित परिवारों को एकीकृत करने का प्रयास करती है।
- योजनान्तर्गत 10.54 लाख हितग्राहियों को 1250 रुपये प्रतिमाह दिये जायेंगे।



**Q547. खबरों में रही सेला दर्रा सुरंग किस राज्य में स्थित है? / In which state is the Sela Pass tunnel located in the news?**

A) हिमाचल प्रदेश / Himachal Pradesh

B) अरुणाचल प्रदेश / Arunachal Pradesh

C) जम्मू कश्मीर / Jammu and Kashmir

D) आन्ध्र प्रदेश / Andhra Pradesh

- ✓ सीमा सड़क संगठन (Border Roads Organisation – BRO) अरुणाचल प्रदेश में चीन की सीमा तक हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए सेला दर्रा सुरंग का निर्माण कर रहा है।

- ✓ 13,000 फीट की ऊंचाई पर बन रही इस सुरंग से भारतीय सेना को तवांग के पास वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) तक पहुंच मिलेगी।



**Q548 - 'रायतु बंधु' किस भारतीय राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की प्रमुख योजना है? / 'Rytu Bandhu' is the flagship scheme of which Indian State/Union Territory?**

A) केरल / Kerala

B) राजस्थान/ / Rajasthan

C) तेलंगाना / Telangana

D) ओडिशा / Odisha



- ✓ रयुतु बंधु' योजना तेलंगाना राज्य द्वारा कार्यान्वित की जा रही है।
- ✓ सरकार इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को खरीफ और रबी दोनों मौसमों के लिए 10,000 रुपये प्रति एकड़ की दर से फसल निवेश की पेशकश करती है।
- ✓ राज्य सरकार इस साल संक्रांति त्योहार से पहले किसानों के बैंक खातों में 7,600 करोड़ रुपये जमा करेगी।



**Q549. भारत और किस देश के बीच पैसेंजर फेरी सर्विस शुरू होने जा रही? /**

**Passenger ferry service is going to start between India and which country?**

A) मालद्वीप / Maldives

B) बांग्लादेश / Bangladesh

C) श्रीलंका / Sri Lanka

D) नेपाल / Nepal

- ✓ जनवरी से भारत और श्रीलंका के बीच पैसेंजर फेरी सर्विस शुरू होने जा रही है।
- ✓ नौका सेवा भारत में जाफना जिले और पुडुचेरी में कंकेसनथुराई बंदरगाह को जोड़ेगी।
- ✓ श्रीलंका के बंदरगाह और जहाजरानी मंत्री निमल सिरिपाला डी सिल्वा ने कहा कि भारत सरकार ने फेरी सेवा के लिए सहमति दे दी है।
- ✓ यात्री फेरी सेवा से पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंध मजबूत होने की संभावना है।
- ✓ नई सेवा के तहत प्रत्येक फेरे में 300 से 400 यात्रियों को ले जाया जाएगा।



**Q550- हाल ही में भारतीय नौ सेना में शामिल पाँचवी स्कार्पियन पनडुब्बी का नाम क्या है? / What is the name of the fifth Scorpion submarine recently inducted into the Indian Navy?**

A) वागीर / Vagir
B) वेला / Vela
C) खंडेरी / Khanderi
D) करंज / Karanj

**Explanation:**

- स्कॉर्पीन श्रेणी की पांचवीं पनडुब्बी "वागीर" को 20 दिसंबर को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है।
- इसे मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड-एमडीएल ने बनाया है।
- इस पनडुब्बी को प्रोजेक्ट 75 के तहत बनाया गया है,
- प्रोजेक्ट 75 में स्कॉर्पीन डिजाइन की छह पनडुब्बियां भारत में बनाई जानी हैं।
- इन पनडुब्बियों का निर्माण फ्रांस के नेवल ग्रुप के सहयोग से मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में किया जा रहा है।
- वागीर को 12 नवंबर 2020 को लॉन्च किया गया था।
- इसका समुद्री परीक्षण 1 फरवरी 2022 से शुरू हुआ था।
- भारतीय यार्ड में इन पनडुब्बियों का निर्माण आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और कदम है।

**Q551. हाल ही में चेन्नई में लांच किये गये पहले पनडुब्बी रोधी जहाज का नाम क्या है? / What is the name of the first anti-submarine ship recently launched in Chennai?**

**A) अरिहंत / Arihant**

**B) रत्नागिरी / Ratnagiri**

**C) ध्रुव / Dhruv**

**D) अर्नाला / Arnala**

- ASW SWC प्रोजेक्ट का पहला जहाज, INS अर्नाला 20 दिसंबर, 2022 को भारतीय नौसेना के लिए गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स, GRSE द्वारा कट्टुपल्ली, चेन्नई में लॉन्च किया गया था

- रक्षा मंत्रालय की वित्तीय सलाहकार रसिका चौबे की उपस्थिति में लॉन्च समारोह में जहाज ने बंगाल की खाड़ी के समुद्र के साथ अपना प्रारंभिक स्पर्श किया।

**Q552- NAAC द्वारा A ग्रेड प्राप्त करने वाला भारत का एकमात्र विश्वविद्यालय कौन सा है? / Which is the only university in India to get A grade by NAAC?**

A) गुरु नानक देव विश्वविद्यालय / Guru Nanak Dev University
B) जैन यूनिवर्सिटी बैंगलोर / Jain University Bangalore
C) पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ / Panjab University Chandigarh
D) बनारस हिंदू विश्वविद्यालय / Banaras Hindu University

- गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर ने राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (NAAC) ग्रेडिंग में 3.85 अंक प्राप्त करने के बाद A ग्रेड प्राप्त किया है, जिससे यह ऐसा करने वाला भारत का पहला विश्वविद्यालय बन गया है।

- गुरु नानक देव विश्वविद्यालय - अमृतसर

**Q553. ' वस्तु एवं सेवा कर (GST)' परिषद की 48वीं बैठक की अध्यक्षता किसने की है ? / Who has chaired the 48th meeting of the 'Goods and Services Tax (GST)' Council?**

A) निर्मला सीतारमण / Nirmala sitharaman

B) अमित शाह / Amit Shah

C) नरेंद्र मोदी / Narendra Modi

D) अमिताभ कांत / Amitabh Kant

## GST से बनने वाले कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न

- ✓ GST का Full Form क्या है? Goods and Service Tax
- ✓ भारत में वास्तु सेवा कर (GST) लागू कर दिया गया ? – 1 जुलाई 2017 से
- ✓ भारत में GST लागु करने का सुझाव दिया था? – विजय केलकर समिति ने
- ✓ संविधान के किस अनुच्छेद के तहत GST परिषद् का गठन किया गया है ? – अनुच्छेद – 279(A)
- ✓ GST बिल को सर्वप्रथम पारित करने वाला राज्य है? – असम
- ✓ भारत का एकमात्र राज्य जहाँ GST बाद में लागू हुवा है? – जम्मू-कश्मीर
- ✓ GST पंजीकरण संख्या में कुल डिजिट हैं? – 15
- ✓ सबसे पहले विश्व के किस देश में GST लागू हुवा था? – फ्रांस (1954)
- ✓ भारत का GST किस देश के मॉडल पर आधारित है? – कनाडा
- ✓ भारत में GST काउंसलिंग के चेयरमैन कौन है? – वित्त मंत्री

**Q554 - धरती पर मौजूद पानी का सर्वेक्षण करने के लिए किस स्पेस एजेंसी द्वारा 'SWOT' नामक नया उपग्रह मिशन लॉन्च किया है ? / Which space agency has launched a new satellite mission named 'SWOT' to survey the water present on the earth?**




A) NASA

B) SpaceX

C) ISRO

D) JAXA

## Explanation

- ❖ SWOT- Surface Water and Ocean Topography
- ❖ नासा द्वारा यह मिशन स्पेस - X के 'Falcon 9' रॉकेट से लॉन्च किया गया है

- ✓ NASA - National Aeronautics and Space Administration
- ✓ स्थापना - 1958
- ✓ मुख्यालय - वाशिंग्टन
- ✓ Motto - "Exploring the secrets of the universe for the benefit of all"

**Q555. किस मंत्री ने नई दिल्ली में भारत का पहला ग्रीन स्टील ब्रांड "कल्याणी फेरेस्टा" लॉन्च किया है? / Which minister has launched India's first green steel brand "Kalyani Foresta" in New Delhi?**

A) नरेंद्र मोदी / Narendra Modi
B) ज्योतिरादित्य सिंधिया / Jyotiraditya Scindia
C) राजनाथ सिंह / Rajnath Singh
D) अमित शाह / Amit Shah

- स्टील मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भारत के पहले ग्रीन स्टील ब्रांड-कल्याणी फेरेस्टा को लॉन्च किया है

- इस ग्रीन स्टील ब्रांड का निर्माण पुणे स्थित कल्याणी समूह द्वारा किया गया है. भारत में यह अपनी तरह की एक नई पहल है

- इस ग्रीन स्टील ब्रांड का निर्माण पुणे स्थित कल्याणी समूह द्वारा किया गया है जो पूर्ण रूप से नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों के उपयोग से तैयार किया गया है

**Q556- हाल ही में UNSC में किस देश में हिंसा समाप्त करने के लिए पहली बार का प्रस्ताव पारित किया गया? / Recently, in which country, for the first time, a resolution was passed in the UNSC to end violence?**

A) युक्रेन / Ukraine
B) म्यांमार / Myanmar
C) अफगानिस्तान / Afghanistan
D) इस्त्राइल / Israel

## Explanation:

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने म्यांमा में हिंसा समाप्त करने और अपदस्थ नेता आंग सान सू की सहित सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा करने संबंधी एक प्रस्ताव पहली बार पारित किया है।
- 77 वर्षीया सुश्री सू की पिछले दो वर्षों से सेना द्वारा उनकी सरकार को गिराए जाने के बाद से हिरासत में हैं।
- परिषद में हुए मतदान में चीन, रूस और भारत अनुपस्थित रहे जबकि 12 सदस्यों ने पक्ष में मतदान किया।
- प्रस्ताव में सभी पक्षों को मानवाधिकारों, मौलिक स्वतंत्रता और कानून के शासन का सम्मान करने के लिए कहा गया है।

**Q557. हाल ही में किस देश के राष्ट्रपति ने समलैंगिक विवाह कानून पर हस्ताक्षर किए?**

**/ Which country's President recently signed the same-sex marriage law?**

**A) ब्रिटेन / Britain**

**B) न्यूजीलैंड / New Zealand**

**C) अमेरिका / America**

**D) जापान / Japan**

- अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने दिसंबर 2022 में समलैंगिक विवाह कानून पर हस्ताक्षर किए।
- यह कानून समलैंगिक और अंतरजातीय विवाहों के लिए वैधानिक अधिकार स्थापित करता है।
- यह कानून आधिकारिक रूप से 1996 के विवाह अधिनियम को निरस्त करता है, जिसने विवाह को एक पुरुष और एक महिला के बीच परिभाषित किया था।
- 2022 तक, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया आदि सहित 33 देशों में समलैंगिक जोड़ों के बीच विवाह को कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त है।

**Q558 - हाल ही में नई दिल्ली में हॉकी विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण किसने किया? /**

**Who unveiled the Hockey World Cup trophy in New Delhi recently?**

**A) नरेंद्र मोदी / Narendra Modi**

**B) ज्योतिरादित्य सिंधिया / Jyotiraditya Scindia**

**C) दीपिका पादुकोण / Deepika Padukone**

**D) अनुराग ठाकुर / Anurag Thakur**

- केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने दिसंबर 2022 को नई दिल्ली में हॉकी विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण किया।

- इस कार्यक्रम में 1975 के हॉकी विश्व कप विजेताओं ने भी शिरकत की।

- FIH पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला 13 जनवरी 2023 से शुरू होगा।

**Q559- हाल ही में किस राज्य का मोढ़ेरा सूर्य मंदिर 'UNESCO' की अस्थाई सूची में शामिल हुआ है? / Which state's Modhera Sun Temple has recently been included in the tentative list of 'UNESCO'?**




A) गुजरात / Gujarat

B) तेलंगाना / Telangana

C) मेघालय / Meghalaya

D) पश्चिम बंगाल / West Bengal

- भारत में तीन नए सांस्कृतिक स्थलों को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की संभावित सूची में शामिल किया गया है
- जिनमें मोढेरा का ऐतिहासिक सूर्य मंदिर, गुजरात का ऐतिहासिक वडनगर शहर और त्रिपुरा में उनाकोटी की चट्टानों को काटकर बनाई गई मूर्तियां शामिल हैं
- गुजरात के मोढेरा गांव में सूर्य मंदिर का निर्माण 11वीं शताब्दी की शुरुआत में चालुक्य राजा भीम प्रथम के प्रशासन में हुआ था।
- यह पुष्पावती नदी के तट पर स्थित है। यह 2014 में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल बन गया।



**Q560- हाल ही में 2022 में फीफा विश्व रैंकिंग में कौन शीर्ष पर है? / Who topped the recent FIFA world ranking in 2022?**

A) अर्जेंटीना / Argentina

B) ब्राजील / Brazil

C) कतर / Qatar

D) USA

- अर्जेंटीना ने 1986 के बाद से कतर 2022 में अपना पहला फीफा विश्व कप खिताब जीत लिया है
- बावजूद इस महीने की फीफा विश्व रैंकिंग में ब्राजील ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है
- ब्राजील फरवरी 2022 से नंबर एक स्थान पर बना हुआ है, जब उसने बेल्जियम को गद्दी से हटाया था

**FIFA - Federation International The Football Association**

- स्थापना - 1904
- मुख्यालय - ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड
- अध्यक्ष - गियानी इनफैनिटो
- Next FIFA 2026- USA + Maxico + Canada

**Q561. 23 दिसम्बर को किसकी स्मृति में राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया जाता है? / In whose memory National Farmer's Day is celebrated on 23rd December?**

A) अटल बिहारी वाजपेयी / Atal Bihari Vajpayee

B) बिरसा मुंडा / Birsa Munda

C) चौधरी चरण सिंह / Chaudhary Charan Singh

D) वल्लभ भाई पटेल / Vallabh Bhai Patel

## राष्ट्रीय किसान दिवस 2022: 23 दिसंबर

- हर साल 23 दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस या किसान दिवस मनाया जाता है।
- यह दिन चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- अर्थव्यवस्था और समाज में किसानों के योगदान की सराहना करने और समाज में किसानों की भूमिका के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए भी यह दिन मनाया जाता है।
- 2001 में, सरकार ने 23 दिसंबर को किसान दिवस के रूप में घोषित किया।
- चौधरी चरण सिंह 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक भारत के पांचवें प्रधानमंत्री थे।

**Q562 - हाल ही में पूमा इंडिया के नए ब्रांड एंबेसडर कौन बने है? / Recently who has become the new brand ambassador of Puma India?**

A) नीरज चोपड़ा / Neeraj Chopra

B) दीपिका पादुकोण / Deepika Padukone

C) अनुष्का शर्मा / Anushka Sharma

D) MS धोनी / MS Dhoni

## Explanation

- प्यूमा इंडिया ने अनुष्का शर्मा को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया।
- अनुष्का शर्मा प्यूमा इंडिया की ब्रांड एंबेसडर की लिस्ट में शामिल हो गई हैं।
- वह भारत में महिलाओं के कारोबार के प्रति प्यूमा की प्रतिबद्धता का हिस्सा होंगी।
- वह ब्रांड के फुटवियर, अपैरल और एक्सेसरीज का प्रचार करेंगी।
- प्यूमा इंडिया के अन्य ब्रांड एंबेसडर एमसी मैरी कॉम, करीना कपूर खान, युवराज सिंह, सुनील छेत्री और हैरी संधू हैं।

समाचारों में अन्य ब्रांड एंबेसडर:

- मैकडॉनल्ड्स इंडिया के ब्रांड एंबेसडर बने कार्तिक आर्यन |
- मैथिली ठाकुर बिहार खादी, हस्तकला की ब्रांड

Thank You!